आठवीं योजना के दौरान विद्युत उत्पादन और उसकी अतिरिक्त क्षमता का सृजन

2200. डा० जितेन्द्र कुमार जैन :

क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि ;

(क) क्या यह सच है कि आठवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के प्रारम्भिक वर्षों के दौरान देश में अतिरिक्त विद्युत उत्पादन क्षमता पैदा करने के लिये निर्धारित किये गये लक्ष्य प्राप्त नहीं हुए हैं ;

(ख) यदि हां, तो वर्ष 1991–92 और 1992–93 के लिये क्या लक्ष्य निर्धारित किये गये थे ;

(ग) उपरोक्त अवधि में उत्पन्न की गई वास्तविक अतिरिक्त विद्युत उत्पादन क्षमता वर्ष-वार कितनी-कितनी थी ;

(घ) वर्ष 1993–94 के लिये अतिरिक्त विद्युत उत्पादन क्षमता उत्पन्न करने का निर्धारित लक्ष्य क्या था ;

(ङ) जनवरी, 1994 तक उपर्युक्त लक्ष्य का कितना प्रतिशत प्राप्त किया गया था और मार्च, 1994 तक देश में कुल विद्युत उत्पादन की अनुमानित क्षमता कितनी होगी; और

(च) यह क्षमता देश में विद्युत की कुल आवश्यकता से कितने प्रतिशत कम होगी ?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री श्री पी. वी. रंगय्या नायडू) : (क) से (च) योजना आयोग ने उपलब्ध संसाधनों के आधार पर आठवीं पंजवर्षीय योजना के लिये 30538 मे.वा. की अतिरिक्त उत्पादन क्षमता के लक्ष्य को स्वीकृत किया था। वर्ष 1991–92, 1992–93 एवं 1993–94 के लिए अतिरिक्त विद्युत उत्पादन क्षमता कार्यक्रम और उपलब्धियां निम्नलिखित हैं :—

(मे.वा. में)

	लक्ष्य	उपलब्धियां
1991–92	3810	3026.5
1992–93	4458.5	352.27
1993–94	4439.25	1983.75
		(फरवरी, 94 तक)

चालू वर्ष के दौरान अतिरिक्त क्षमता का लक्ष्य मार्च 1994 में प्राप्त किए जाने की सम्भावना है। तथापि, पाइप लाइनों, निर्माणाधीन परियोजनाओं और विभिन्न एजेंसियों से लंबित स्वीकृतियों और संसाधनों की उपलब्धता की स्थिति को मद्देनजर रखते हुए योजना लक्ष्य प्राप्त नहीं किया जा सकता और ऐसा प्रतीत होता है कि योजना अवधि के दौरान लगभग 20000 मे.वा. की नई उत्पादन क्षमता के जोड़े जाने की सम्भावना है।

Restructuring of NTPC

2201. SHRI G. Y. KRISHNAN. Will the Minister of POWER be pleased to state:

(a) whether the process of restructuring the Rs. 5000 crore National Thermal Power Corporation has begun;

(b) if so, what are the salient features thereof;

(c) whether the recommendations made in the report of the Sharad Pawar Com-mittee set up by the NDC have been considered while undertaking this restructuring exercise; if so, the details thereof; and

(d) the total outstandings of the NTPC against the various Stat© Electricity Boards as per latest information; available with his Ministry and how it is proposed to recover *ihem?*